दिनांक : 02.12.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- विश्व के 37 देशों के समूहों ने भारत को इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेशी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस के अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित किया।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज से विभिन्न विभागों की दो साल की उपलब्धियों, योजनाओं और नवाचार की करेंगे समीक्षा।
- अटल पेंशन योजना में 8 करोड़ 34 लाख से अधिक लोग जुड़े। लोकसभा में निर्मला सीतारमन ने दी जानकारी।
- प्रदेश के कई जिलों में ठंड का दौर, कई जगहों पर तापमान दस डिग्री से नीचे।

अब समाचार विस्तार सेः-

निर्वाचन आयोग-एसआईआर

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण- एस.आई.आर के दूसरे चरण में अब तक 50 करोड़ 83 लाख फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। इस चरण में लगभग 51 करोड़ मतदाताओं के 99 दशमलव सात दो प्रतिशत मतदाताओं का पुनरीक्षण किया जाएगा। आयोग ने कहा है एसआइआर का दूसरा चरण देश के नौ राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में पिछले महीने की चार तारीख से शुरू किया गया था। अब ये काम 11 दिसम्बर तक किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि भारत की निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनावों के संचालन को पूरे विश्व ने सराहा है और विश्व के 37 प्रतिष्ठित समूहों ने भारत को इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेशी एवं इलेक्टोरल असिस्टेंस के अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित किया है।

समीक्षा बैठक-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विभिन्न विभागों द्वारा दो साल में किये गए कार्यो, योजनाओं के क्रियान्वयन और नवाचार की समीक्षा करेंगे। इसके लिये आज से समीक्षा बैठकों का दौर शुरू किया जा रहा है। इन बैठकों के निष्कर्षो के बाद अगले तीन साल के कार्यो की कार्य योजना तैयार की जाएगी। इस कार्य योजना को अंतिम रूप देने के लिये नौ दिसम्बर को खजुराहो में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बताया कि इन बैठकों में दो वर्ष की उपलब्धियों, अनुभवों के आधार पर विभागों को आगे की कार्य योजना प्रस्तुत करने के लिये भी कहा गया है।

प्रधानमंत्री-उत्क्रष्टता पुरस्कार

लोक प्रशासन में प्रधानमंत्री उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए इस वर्ष दो हजार 35 नामांकन मिले हैं। ये पुरस्कार अगले वर्ष 21 अप्रैल को लोक सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में प्रधानमंत्री प्रदान करेंगे। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने कहा है कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य देश भर के लोक सेवकों के योगदान को मान्यता देना है। प्रधानमंत्री पुरस्कारों में ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और बीस लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि होगी। यह प्रोत्साहन राशि का उपयोग लोक कल्याणकारी कार्यो के लिए किसी भी क्षेत्र में परियोजनाओं के कार्यान्वयन या संसाधनों की कमी को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

गीता महोत्सव-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि श्रीमद्भगवद्गीता एक अद्भुत, अनुपम और पवित्र ग्रंथ है। गीता के अध्ययन मात्र से ही मनुष्य के जीवन के सभी प्रश्नों और सभी जिज्ञासाओं का समाधान हो जाता है। उन्होंने कल भोपाल में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कहा कि गीता का ज्ञान ही सम्पूर्ण सृष्टि के समग्र ज्ञान और चेतना का मूल आधार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गीता के सस्वर पाठ और ऑनलाइन स्पर्धा में भागीदारी करने वाले अभिनंदन के पात्र हैं। श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल होने वालों ने अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ाव का परिचय दिया है :

अटल पेंशन योजना

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कल लोकसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि अटल पेंशन योजना में आठ करोड़ 34 लाख से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। इनमें 48 प्रतिशत महिलाएं हैं।

मई 2015 में शुरू हुई इस योजना का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के माध्यम से सशक्त बनाना है। यह योजना 18 से 40 वर्ष के उन नागरिकों के लिए है जिनका बैंक या डाकघर में बचत खाता है। लाभार्थी, 60 वर्ष की उम्र बाद पेंशन लाभ प्राप्त कर सकता हैं। वर्ष 2035 से ये लाभ मिलने शुरू होने की संभावना है।

एसआईआर-प्रदेश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेज गति से जारी है। अभी तक मध्यप्रदेश में लगभग 5 करोड़ 42लाख गणना पत्रकों का डिजीटाइजेशन पूरा हो चुका है। जो कुल कार्य का 94.5 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि दस जिलों अशोक नगर, नीमच, बैतूल, गुना, मंडला, डिंडोरी, शाजापुर, सीहोर, सीधी और उमरिया में शत् प्रतिशत डिजीटाइजेशन का काम हो चुका है। श्री झा ने सभी शासकीय सेवकों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया है। श्री झा ने बताया कि प्रदेश के 35 अन्य जिलों ने 96प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके अलावा प्रदेश के 5 जिलों में 93 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है।

एसआईआर अपील

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी देते हुए आगरमालवा कलेक्टर श्रीमती प्रीती यादव ने बताया कि जिले में कार्य अंतिम दौर में चल रहा है

पुल जांच

राज्य शासन ने रायसेन जिले के बरेली-पिपरिया मार्ग पर स्थित एक पुल के ढह जाने के जांच के आदेश दिये हैं। मुख्य अभियंता गोपाल सिंह की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है, जो सात दिनों के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। लोक निर्माण विभाग ने घटना के तुरंत बाद कार्रवाई करते हुए संबंधित फील्ड स्टाफ की जिम्मेदारी तय कर प्रबंधक को निलंबित कर दिया है और वर्तमान एवं तत्कालीन संभागीय प्रबंधक एवं सहायक महाप्रबंधकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

महिला हॉकी-जूनियर विश्व कप

महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप में, भारत ने कल शाम चिली के सैंटियागो में नामीबिया को 13-0 हराया। हिना बानो और कनिका सिवाच ने तीन-तीन, जबकि साक्षी राणा ने दो गोल किए। बिनिमा धन, सोनम, साक्षी शुक्ला, इशिका और मनीषा ने एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ, भारत तालिका में शीर्ष पर पहुँच गया। भारतीय टीम को जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। भारत का अगला मुकाबला कल जर्मनी से और शुक्रवार को आयरलैंड से होगा। टूर्नामेंट में पहली बार, 24 टीम प्रतिस्पर्धा करेंगी।

मौसम

प्रदेश के कई जिलों में ठंड का असर तेज हो गया है। कुछ जगहों पर तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ है, जिससे सुबह और शाम की ठिठुरन बढ़ गई है। प्रदेश के पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा जहां तापमान 6 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार कुछ जिलों में शीतलहर चलने की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भोपाल गैस त्रासदी की "41वीं बरसी" पर, "बरकतउल्ला भवन, भोपाल में कल गैस राहत मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह की उपस्थिति में "सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। भोपाल गैस त्रासदी में दिवंगत गैस पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।
- प्रदेश विधानसभा सभागार में कल वरिष्ठ पत्रकार देव श्रीमाली की पुस्तक 'चंबल संस्कृति और विरासत' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने संबोधित किया।
- खंडवा में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन खण्डवा ने लोगो डिज़ाइन, मैस्कॉट डिज़ाइन और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं के लिये इच्छुक अभ्यर्थी 15 दिसम्बर तक ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सकते है।
- शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर डिंडौरी में कल जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया।
- नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा के शासकीय महाविद्यालय डोलरिया में विश्व एड्स दिवस पर कल एचआईवी-एड्स जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत कल श्योपुर एवं गसवानी में मण्डल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

-------